बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-286
29/04/2026

दिल्ली में घटित घटना में बिहार के मजदूर की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

- **मृतक के आश्रित को श्रम संसाधन विभाग से 4 लाख रूपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रूपये (कुल 8 लाख रूपये) अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।**

पटना, 29 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली के द्वारिका जिला स्थित जाफरपुर कलां थाना क्षेत्र में हुयी फायरिंग में बिहार के खगड़िया जिला के रहनेवाले मजदूर की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग से मृतक के आश्रित को 4 लाख रूपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रूपये (कुल 8 लाख रूपये) अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******